# 'महात्मा गांधी ने दुनियां को सत्य और अहिंसा के पथ पर चलना सिखाया'

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुधवार को गांधी पार्क में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

इस दौरान प्रभुदयाल गहलोत द्वारा बापू के प्रिय भजन और रामधुन प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विधायक व्यास ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनियां को सत्य और अहिंसा के पथ पर चलना सिखाया। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियां में भारत को नई पहचान दिलाई है। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को देश के विकास में सकारात्मक सहयोग देना चाहिए।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विधायक जेठानंद व्यास ने श्रद्धांजलि दी।

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित

इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से आमजन को साफ-सफाई रखने, खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने, ताजा भोजन खाने तथा हाथ धोने की सीख दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने चरखा चलाकर सूत काता। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इससे पहले सभी अतिथियों में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई।

रब्बान कोहरी ने इस्लाम, रोजलिम ने ईसाई, इंद्रजीत सिंह ने सिख तथा बैद ने जैन धर्म की प्रार्थना प्रस्तुत की। इस दौरान बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, नगर विकास न्यास सचिव डॉ. अपर्णा गुप्ता, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना, एडीएम सिटी रमेश देव, निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट जुगल किशोर व्यास, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य किरण गौड़, समाज कल्याण अधिकारी सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, पूर्व पार्षद हजारीमल देवड़ा, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लेखाला, सीओ जसवंत सिंह राजपुरोहित, बशीर अहमद, महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना, अनुसूचित जाति जनजाति वित्त और विकास निगम की परियोजना प्रबंधक कविता स्वामी आदि मौजूद थे।

**कांग्रेसजनों ने जयंती मनाई :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी की प्रतिमा स्थल गांधी पार्क में स्मरण सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के यशपाल गहलोत ने दोनों ही महापुरूषों स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्रीजी का जीवन हमें सिखाता है। महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत का आज पूरा विश्व अनुसरण कर रहा है। मजबूत अंग्रेजी दासता से भारत जैसे टुकड़ों में बंटे हुए देश को ना सिर्फ मुक्त करवाया बल्कि उस वक्त फैले वैमनस्य को सबसे पहले सर्व धर्म समभाव का अनुसरण करते एक माला के मोती के रूप में पिरोने का कार्य किया। लाल बहादुर शास्त्री देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री बने जिन्होंने जय जवान और जय किसान का नारा देते हुए हरित क्रांति की तरफ कदम उठाए। दोनों ही महापुरूषों का जीवन देश को आजादी के बाद में एक नए रूप में पिरोने वाला रहा है। इन दोनों महापुरूषों का जीवन आज भी प्रेरणास्पद है और युग पुरूष के रूप में सदेव पूजनीय रहेगा। युवाओं को इनके जीवन को पढ़कर देश सेवा के लिए खुद को तैयार करना चाहिए।

प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म और उसी दिन लाल बहादुर शास्त्री का जन्म एक बहुत ही सुखद संयोग है। दोनों ही व्यक्ति देश में अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले रहे हैं। हमे उनके जीवन दर्शन को अधिकतम लोगों के समक्ष ले जाना होगा ताकि नई पीढ़ी इनको समझ सके। प्रदेश कांग्रेस महसचिव जिया उर रहमान आरिफ ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छवि का अनुसरण करते हुए आज सबको पुनः टुकड़ों में बंट रहे भारत को जोड़ने का कार्य करना है। आज माहौल विपरीत है लेकिन सबको साधते हुए हमे मजबूत और ताकतवर भारत बनाना है।

## श्रीगंगानगर को मिलेगी नई ट्रेन की सौगात

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने कहा कि श्रीगंगानगर को जल्द ही नई ट्रेन की सौगात मिलेगी। हनुमानगढ़ की पिट लाइन भी जल्द शुरू हो जायेगी। महाप्रबंधक ने यह बात यहां पत्रकारों से बातचीत में कही।

रेलवे महाप्रबंधक यहां के रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के निरीक्षण के सिलसिले में विशेष ट्रेन से यहां पहुंचे थे। पुनर्निर्माण कार्यों पर संतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर की जनता को शीघ्र ही स्टेशन का नया स्वरूप देखने को मिलेगा। यात्री सुरक्षा के सवाल पर महाप्रबंधक ने कहा कि वर्तमान में हमारा ज्यादा से ज्यादा फोकस सुरक्षा पर है। इसके लिए रेलवे स्टेशन पर ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

रेलवे स्टेशन के विस्तार के सवाल पर उन्होंने कहा कि विस्तार के लिए श्रीगंगानगर में जमीन उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद अमृत भारत स्टेशन योजना में रेलवे स्टेशन का निर्माण यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। महाप्रबंधक ने श्रीगंगानगर स्टेशन के बाहर की व्यवस्थाएं देखी व परिसर में चल रहे नए निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने वेटिंग रूम, ऑफिस ब्लॉक, प्लेटफॉर्म आदि का अवलोकन किया। स्टेशन के बाहर उन्होंने कार पार्किंग, बिल्डिंग का पुराना हिस्सा, नए निर्माण, टिकिट बुकिंग काउंटर, रेस्ट रूम, ऑफिस ब्लॉक आदि देखे। जेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य भीम शर्मा ने महाप्रबंधक से जनता से मिले सुझावों पर चर्चा की।

## सार-समाचार

### बालिका सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी



बालिका सुरक्षा जागरूकता विषय पर संगोष्ठी में विजेता बालिकाओं को प्रमाण पत्र सौंपे।

**बीकानेर,** (कासं)। नापासर रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट से जुड़ी छात्राओं के लिए बालिका सुरक्षा जागरूकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संस्थान डायरेक्टर दिनेश जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक कर अपराध से बचाना है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता समाजसेवी डॉ.अर्पिता गुप्ता ने कहा बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की रोकथाम समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को जागरूक होना होगा। सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारी व जागरूकता जरूरी है। साथ ही बालिकाओं से सोशल साइट्स के उपयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। इस अवसर पर बालिकाओं ने विभिन्न मनमोहक व भावनात्मक सांस्कृतिक नृत्य गायन अभिनय की प्रस्तुतियां देकर महिला सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर फैकल्टी कोऑर्डिनेटर सना मिर्जा ने संस्थान द्वारा संचालित निशुल्क स्वरोजगार योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही छात्रों के निशुल्क आवास व भोजन व्यवस्था की भी जानकारी दी। ट्रेनर मोहिनी देवी ने कहा यहां बालिकाओं को प्रशिक्षित कर सर्टिफिकेट दिया जाता है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में विजेता रही सुमन सुथार, श्रेया सिंह, संगीता, खुशबू आदि को डॉ. अर्पिता गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को मैडल दिए गए। कार्यक्रम में ज्योति सैनी, जया, सरिता कस्वां, प्रियंका छिपा आदि उपस्थित थी।

### मुक्तिधाम में की सफाई



महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपा गोपेश्वर मंडल ने मुक्तिधाम में श्रमदान करके सफाई की।

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान व स्वच्छ भारत मिशन अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आज भाजपा गोपेश्वर मंडल ने स्वच्छता अभियान के तहत श्रीरामसर के मुक्ति-धाम में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, जिला महामंत्री श्यामसुन्दर चौधरी, नरेश नायक, मंडल अध्यक्ष चन्द्र गहलोत, पार्षद मुकेश पंवार, मंडल महामंत्री प्रेम गहलोत, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवबन, जगदीश सोलंकी, तुलसीराम, हनुमान गहलोत, दुलीचन्द, आकाश, रजत, लक्ष्मण, ओम पंवार, मूलचंद आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।

### प्राथमिक स्कूल क्रमोन्नत की मांग

**अनूपगढ़,** (कासं)। ग्राम पंचायत 72 जीबी के अंतर्गत आने वाले गांव 71 जी.बी. (मोगी) में आंगनबाड़ी केन्द्र गांव की एक धर्मशाला में संचालित हो रहा है, लेकिन वहां भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जिससे छोटे बच्चों को प्राथमिक शिक्षा और पोषण सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि धर्मशाला भवन में न तो पर्याप्त बिजली है और न ही शौचालय तथा पानी की उचित व्यवस्था, जिसके चलते केन्द्र का संचालन बेहद मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा गांव में विद्यालय भी प्राथमिक स्तर तक है। कक्षा 5 के बाद उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के लिए 5 किलोमीटर दूर दूसरे गांव में जाना पड़ता है, जिससे खासकर छात्राएं शिक्षा से वंचित रह रही है। ग्रामीणों के अनुसार धर्मशाला में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र की खराब स्थितियों के कारण गांव के बच्चों को समय शिक्षा नहीं मिल पा रही है। कई बार बिजली न होने के कारण बच्चों को असुविधा होती है, वहीं शौचालय नहीं होने से स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। इस स्थिति के चलते अभिभावक अपने बच्चों को केन्द्र भेजने से हिचकिचाते हैं। गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन के लिए धर्मशाला भवन में बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को अवगत कराया है। अब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों में निराशा बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। रमेश कुमार, विकास कुमार, मेघाराम, महेन्द्र लाल, आई.डी. पंच परमेश्वरी देवी, राजेन्द्र कुमार, धोलाराम, सुनील कुमार और मुकेश कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्र को एक नए और बेहतर भवन में स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में वर्तमान संचालन व्यवस्था के चलते बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाए। समस्या समाधान के लिए ग्रामीणों ने डायरेक्टर मेघराज नायक के माध्यम से एक ज्ञापन भी प्रशासन को भेजा है।

# देशनोक के मां करणी मंदिर में नवरात्र महोत्सव आज से

- इस मन्दिर में सफेद चूहे का दर्शन मंगलकारी माना जाता है

**बीकानेर,**(कासं)। जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर देशनोक स्थित श्रीकरणी मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ आज से होगा।

श्रीकरणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष बादल सिंह देपावत ने बताया कि गुरूवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रा महोत्सव में देशभर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुच रहे हैं। श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम नवरात्रा स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शुरू हो गया। बुधवार को देश प्रदेश सहित जिले के विभिन्न स्थानों से पैदल यात्रियों की सैकडों टोलियां देशनोक की ओर जाते देखी गई।

उल्लेखनीय है कि करणी माता का मन्दिर एक प्रसिद्ध मन्दिर है जो बीकानेर जिले में स्थित है। इसमें देवी करणी माता की मूर्ति स्थापित है। यह बीकानेर से 30 किलोमीटर दक्षिण दिशा में देशनोक में स्थित है। करणी माता का जन्म चारण क्षत्रिय कुल में हुआ। यह मन्दिर काबों (चूहों) का मन्दिर भी कहलाता है।

मन्दिर में सफेद चूहे का दर्शन मंगलकारी माना जाता है। करणी मां की कथा एक सामान्य ग्रामीण कन्या की कथा है। लेकिन उनके संबंध में अनेक चमत्कारी घटनाएं भी जुड़ी बताई जाती हैं, जो उनकी उम्र के अलग-अलग पड़ाव से संबंध रखती हैं। बताते हैं कि संवत 1595 की चैत्र शुक्ल नवमी गुरूवार को श्री करणी ज्योर्तिलीन हुई। संवत 1595 की चैत्र शुक्ला 14 से यहां श्री करणी माता की सेवा पूजा होती चली आ रही है।

इस मन्दिर का निर्माण बीकानेर के महाराजा गंगासिंह ने राजपूत शैली में लगभग 15-20 वीं सदी में करवाया था। मन्दिर के सामने महाराजा गंगासिंह ने चांदी के दरवाजे भी बनाए थे। देवी की छवि अंदरूनी गर्भगृह में निहित है। मां करणी मंदिर तक पहुंचने के लिए बीकानेर से बस, जीप व टैक्सियां आसानी से मिल जाती हैं। यह मंदिर बीकानेर-जोधपुर रेल मार्ग पर स्थित देशनोक रेलवे स्टेशन के पास ही है। वर्ष में दो बार नवरात्रों पर चैत्र व आश्विन माह में इस मंदिर पर विशाल मेला भी लगता है। तब भारी संख्या में लोग यहां पहुंचकर मनौतियां मनाते हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए मंदिर के पास धर्मशालाएं भी है। श्रीकरणी मंदिर निजी प्रन्यास के अध्यक्ष बादल सिंह देपावत ने बताया कि मंदिर में गुरूवार सुबह 9.55 बजे से 11.30 बजे तक घट स्थापना होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास और परिवारिक अध्ययन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर डिजिटल पोस्टकार्ड और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. विमला डुंकवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का विषय गरिमा के साथ वृद्धावस्था : दुनिया भर में वृद्धजनों के लिए देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व था। यह दुनियाभर में वृद्ध लोगों के लिए सहायता प्रणालियों में सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के प्रति सम्मान दिखाने से वरिष्ठ नागरिकों और देखभाल करने वालों का लाभ होता है। उन्हें नई पीढ़ी को गर्व की अनुभूति होनी चाहिए।

# कर्ज से परेशान परिवार ने विषाक्त खाकर दी जान

- पत्नी के इलाज में कर्जा होने पर जब साहूकार परेशान करने लगे तो पूरे परिवार ने दी जान

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में एक हंसता खेलता परिवार ने कर्ज के बोझ के नीचे दबने से अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिवार पर यह कर्ज पत्नी की बीमारी के चलते हुए हुआ था। उसके बाद साहूकारों ने गृहस्वामी को परेशान करना शुरू कर दिया जिससे तंग आकर पूरा परिवार ने विषाक्त खाकर जान दे दी।

परिवार में बस अब किशोर बचा है, जिसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। बीकानेर जिले में हुए इस हृदय विदारक घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि मूर्ति सर्कल 5 सी 42 में चार जनों ने विषाक्त पदार्थ पी लिया। इससे राहुल (44) पुत्र मूलचंद मारू, उसकी पत्नी रूचि मारू (42) एवं बेटे अराध्य मारू (7) की मौत हो गई। जबकि 15 वर्षीय चैतन्य उर्फ चीकू को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रथमदृष्टया मौत का कारण आर्थिक तंगी माना जा रहा है। ये लोग किराए के मकान में रहते थे। मृतक राहुल दवाओं का होलसेल व्यापारी था। राहुल की पत्नी रूचि ब्रेन हेमरेज से पीडित थी। जिसके इलाज में काफी रूपया खर्च हुआ। उसने कई लोगों से रूपए उधार लिए थे। बैंकों से भी कर्ज ले रखा था। कर्ज देने वाले तकाजा करने लगे थे। पुलिस अधीक्षक सागर ने बताया कि पति-पत्नी ने विषाक्त खाया और दोनों बेटों को दूध में मिलाकर पिलाया था। दोपहर में चीकू को होश आया तो उसने अपनी बुआ को हादसे की जानकारी दी।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर वेटरनरी विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान का शुभारंभ वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य दीक्षित ने संकाय सदस्यों और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है और उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अंगीकार कर एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाना चाहिए। इसके साथ ही स्वच्छता का जीवन में महत्व भी बताया।

स्वच्छता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों एवं सभी संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय प्रो.हेमंत दाधीच, प्रो. राजेश कुमार धूड़िया निदेशक प्रसार शिक्षा, प्रो. प्रवीण बिश्नोई अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो. राहुल सिंह पाल, निदेशक डीपी एमई भी मौजूद रहे एवं श्रमदान किया। इस स्वच्छता अभियान का आयोजन डॉ नीरज कुमार शर्मा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना और डॉ. मोहनलाल प्रभारी भू-सदृश्य इकाई के सहयोग से किया।

## रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 5 को

**बीकानेर,** (कासं)। जिला रोलर स्केटिंग संघ द्वारा 5 व 6 अक्टूबर को जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बसंत कुंज स्केटिंग रिंक गंगाशहर बीकानेर में होगा।

संघ की अध्यक्षा अंजना खत्री ने बताया कि 5 अक्टूबर को सायं 4 बजे रिंक रेस प्रथम तथा 6 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे डूंगर महाविद्यालय में रोड रेस एवं सायं 3.30 बजे से रिंक रेस द्वितीय होगी। यह प्रतियोगिता क्वाट्ज एवं इनलाइन श्रेणी में होगी। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 4 अक्टूबर को सायं 7 बजे तक अपनी प्रविष्टि बसन्त कुंज स्केटिंग रिंक पर जमा करवा सकते हैं। समापन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

# मूंगफली की समर्थन मूल्य पर 40 क्विंटल तुलाई की मांग

- बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न कार्य योजनाओं के प्रस्ताव लिए गए

**बज्जू,** (कासं)। बज्जू क्रय- विक्रय सहकारी समिति की साधारण सभा का आयोजन बज्जू स्थित समिति कार्यालय में समिति चेयरमैन एडवोकेट खींवसिंह भाटी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आगामी समर्थन मूल्य पर मूंगफली की सरकारी खरीद 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल करने की मांग की।

समिति की ओर से पिछले वर्ष किये गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और आगामी कार्यों की रणनीति बनाई गई। क्रय विक्रय सहकारी समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांवरिया लाल पालीवाल ने बताया कि समिति की साधारण सभा में समिति द्वारा किसान हित में किए जा रहे कार्य से अवगत करवाया गया। साधारण सभा में समिति के पूर्णकालिक सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न कार्य योजनाओं के प्रस्ताव लिए गए। उपस्थित लोगों को क्रय विक्रय सहकारी समिति तथा कृषि विभाग की लाभकारी योजनाएं विस्तार से बताई गई।

बज्जू क्रय विक्रय सहकारी समिति की साधारण समिति के अधिकारियों ने कहा कि इस पर सभा आयोजित की जायेगी। बैठक में योजना गत वर्ष के व्यापार, लाभ-हानि, खाद-बीज की समय पर आपूर्ति, कृषि विभाग के माध्यम से किसानों के लिए संचालित अनुदान आधारित योजनाओं का लाभ किसानों को अधिकाधिक दिलवाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई।

आम सभा में समिति उपाध्यक्ष कानाराम, संचालक मडंल सदस्य मालूराम, राहुल सेन, सीसीबी पूर्व चेयरमैन मांगीलाल सेन, बाबूलाल बेनीवाल, कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार पंचायत समिति सदस्य मदन सिंह भाटी, रामकुमार गोदारा, जीएसएस अध्यक्ष हेतराम खीचड, रामस्वरूप भादू, ओमप्रकाश मांझु आदि मौजूद थे।

# विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू आवासहीन व्यक्तियों को पट्टे बांटे

**बीकानेर,**(कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू आवासहीन व्यक्तियों को पट्टे वितरित किए। इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम बीकानेर में रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित हुआ।



बीकानेर में रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू आवासहीन व्यक्तियों को पट्टे वितरित किए।

- राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग 21 हजार पट्टे वितरित किए
- वहीं जिले के 2007 लाभार्थियों को पट्टे दिए गए

कार्यक्रम में बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, बीकानेर प्रधान लालचंद आसोपा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, एसीईओ दिलीप कुमार, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, राज्य सरकार के नामित प्रतिनिधि टेकचंद बरडिया, मुरलीधर सोलंकी, विष्णु बंजारा, सोहन सांसी, विकास अधिकारी भोम सिंह इंदा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने बीकानेर के मनफूल नाथ से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संवाद किया। कालबेलिया जाति के मनफूल नाथ ने बताया कि वह घुमक्कड़ परिवार के हैं। वे कई वर्षों से भटक रहे हैं, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि उनकी पहल के कारण यह पट्टा मिला है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि पट्टा मिला है तो जल्दी ही घर भी बनेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग 21 हजार पट्टे वितरित किए। वहीं जिले के 2007 लाभार्थियों को पट्टे दिए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर पांचू के विकास अधिकारी जसवंत सिंह बिश्नोई का सम्मान किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा और गोपाल जोशी ने किया।

# वाशिंग लाइन पर यू.टर्न, लालगढ़ शिफ्ट की अटकलें

**सूरतगढ़,** (कासं)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत व अन्य ट्रेनों की मेंटेनेंस के लिए स्वीकृत कोच डिपो व वाशिंग लाइन उत्तर पश्चिम रेलवे की अफसरशाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने गत अपने सूरतगढ़ दौरे में स्टेशन पर वाशिंग लाइन व कोच मेंटेनेंस डिपो के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड में विचाराधीन बताया। रेल मंत्रालय व रेलवे बोर्ड उस प्रोजक्ट को आठ माह पूर्व ही स्वीकृत करते हुए करीब 75 करोड़ रूपए का बजट जारी कर चुका है। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन को भूमि अधिग्रहण के संबंध में पत्र भी दिया गया था।

जी.एम. के विरोधाभासी बयान से स्पष्ट है कि रेल मंत्रालय की ओर से स्वीकृत प्रोजेक्ट को एनडब्लयूआर अन्यत्र स्थानांतरित करने के प्रयास में हैं। ऐसे में क्षेत्र को वर्षों के इंतजार के बाद केन्द्रीय रेल मंत्रालय से मिली सौगात छीनने की संभावनाएं हैं। जिसको लेकर नागरिकों व रेल यात्रियों में रोष है। रेलवे मंत्रालय रेलवे बोर्ड ने 12 फरवरी 2024 को अंब्रेला वर्क 2023-24 के फेस-2 के अंतर्गत सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों के रखरखाव के अनुरूप वाशिंग लाइनों तथा कोच मैंटेनेंस डिपो निर्माण कार्य स्वीकृत करते हुए 74.89 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की थी।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3926 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 01.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन रानी पत्नी स्व. श्री राजेश धींगड़ा निवासी म.नं. 43, गली नं. 3, दुर्गा विहार, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण | जायज वारिसों का विवरण | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 01 किला नं. 22, 23 में भूखंड संख्या डी-4 व डी-5 प्रत्येक माप 30 इंटू 60 फीट, विद्यादीप विहार, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 4970 दिनांक 7.9.2007 पट्टा सं. 4971 दिनांक 7.9.2007 को श्री राजेश धींगड़ा पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम से पट्टा जारी है। वर्तमान में भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री राजेश धींगड़ा की मृत्यु दिनांक 16.11.2012 को हो चुकी है। | 1. सुमन रानी - पत्नी 2. रचना - पुत्री 3. समीर - पुत्र | श्री राजेश धींगड़ा की मृत्यु उपरांत श्रीमती सुमन रानी द्वारा पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 5.7.2024 की प्रति प्रस्तुत उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती सुमन रानी पत्नी स्व. श्री राजेश धींगड़ा निवासी म.नं. 43, गली नं. 3, दुर्गा विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/701, 703

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर